पत्र संख्या-06/दंत-07-08/2026-179(8)/स्वा0

झारखण्ड सरकार

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

प्रेषक,

धीरंजन प्रसाद शर्मा,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में

परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद,
साइंस सिटी परिसर सिरखाटोली (सैन्य परिसर के सामने)
तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची-834010 ।

राँची/दिनांकः-14/07/2026

विषयः-वनांचल डेन्टल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल, गढ़वा के विभिन्न विभागों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए राज्य कोटा के अंतर्गत M.D.S पाठ्यक्रम में सीटों की अद्यतन विवरणी के संबंध मे।

प्रसंगः- विभागीय पत्रांक-174(8) दिनांक-29.06.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रसंगाधीन पत्र द्वारा वनांचल डेन्टल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल, गढ़वा के M.D.S पाठ्यक्रम में सीटों की विवरणी आपको प्रेषित की जा चुकी है। वनांचल डेन्टल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल, गढ़वा से प्राप्त अनुरोध के अनुसार विभिन्न विभागों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए M.D.S पाठ्यक्रम के अन्तर्गत राज्य कोटा के संस्थानवार, पाठ्यक्रम सीटों की संशोधित विवरणी निम्नवत् हैः-

S No	Subject	सीटों की विवरणी
		Vananchal Dental College and Hospital, Garhwa
1.	Peadodontic & Preventive Dentistry	02
2.	Prosthodontics and Crown & Bridge	02
3.	Peridontology	02
4.	Orthodontics and Dentofacial Orthopedics	02
5.	Conservaive Dentistry and Endodontics	02
6	Oral Medicine and Radiology	03
7	Oral Pathology & Microbiology	03
	Total	16 Seats

विभागीय पत्रांक-190(8) दिनांक-14.08.2026 द्वारा बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा, झारखण्ड अन्तर्गत संचालित वनांचल डेन्टल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल, गढ़वा में M.D.S पाठ्यक्रम सीटों का विभाजन निम्न रुप से किया गया हैः-

1. Reserve Seat for Jharkhand State Qualified Students - 25%
2. Reserve Seat for All India Qualified Students - 60%
3. N.R.I Quota - 15%

राज्य के चिकित्सा/दन्त स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों तथा डिग्री/डिप्लोमा में नामांकन हेतु अनारक्षित तथा आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग को आरक्षण देने के सदंर्भ में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा निर्गत संकल्प सह ज्ञापांक-1434 दिनांक-15.02.2019 एवं साथ ही विनिर्दिष्ट शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन के लिए निःशक्त जनों को आरक्षण दिये जाने के संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा निर्गत संकल्प संख्या-2249 दिनांक-03.04.2018 में अंकित प्रावधान के आलोक में नियमानुसार अवध डेन्टल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, जमशेदपुर में दन्त चिकित्सा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के सीटों पर नामांकन की कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक-संस्थान से प्राप्त पत्र की छायाप्रति।

विश्वासभाजन

179 (8)
14/07/2026

14.7.26
(धीरंजन प्रसाद शर्मा)
सरकार के अवर सचिव।